कार्यालय महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः C-89/रा0पो0मि0/सी0बी0ई0/2022–23 दिनांकः 26 अप्रैल, 2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

विषकः पोषण अभियान अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–2042(1)/58–1–2020 दिनांक 07 अगस्त, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें। जिसके द्वारा प्रदेश में आंगनबाड़ी सेवाओं के अन्तर्गत आने वाले लाभार्थियों यथा 0 से 6 वर्ष के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाने, स्वस्थ पोषण व्यवहारों को अपनाने, समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा परिवारों के व्यवहार परिवर्तन (Behaviour Communication Change) के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर विभिन्न समुदाय आधारित गतिविधियों (दिवसों) के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

भारत सरकार द्वारा पोषण अभियान अन्तर्गत माह में दो वित्त पोषित समुदाय आधारित गतिविधियों हेतु रू0 250/– प्रतिगतिविधि की दर से (गतिविधि आयोजित करने हेतु आवश्यक समाग्री के क्रय हेतु रू0 225/– अन्य व्यय रू0 25/–) धनराशि निर्धारित की गयी थी।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के प्रथम त्रैमास में (माह अप्रैल, 2022 से जून, 2022 तक) आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाली समुदाय आधारित गतिविधियों का कैलेण्डर पत्र के साथ संलग्न है।

गतिविधि दिवस की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निम्न बातों का अवश्य ध्यान रखा जायः–

- गतिविधि आयोजन की अवधि कम से कम 1–1.5 घण्टे का होना चाहिए।
- गतिविधि दिवस में प्रतिभाग करने वाले पात्र लाभार्थियों का चयन सही तरीके से होना चालिए (अन्नप्राशन दिवस हेतु 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चें तथा गोदभराई हेतु पहले त्रैमास की गर्भवती महिला)
- छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर आयोजित सत्र में बुलाया जाये जिससे कि व्यवहार प्रोत्साहन की प्रक्रिया सतत् जारी रहें। छूटे हुये लभार्थियों की फॉलोअप योजना अवश्य बनायें।
- आई0एल0ए0 टेकअवे का प्रयोग किया जाय जिससे की महत्वपूर्ण संदेश छूटे नहीं।
- अन्नप्राशन तथा गोदभराई के समय लाभार्थी का वजन अवश्य लिया जाये जिससे कि परामर्श को आउटकम आधारित बनाने में सफलता प्राप्त हो सके।
- गोदभराई दिवस पर गर्भवती महिलाओं को **"शगुन कैलेण्डर"** विभागीय बेवसाइट से डाउनलोड/प्रिन्ट कराकर वितरित किया जाय।
- सुपोषण दिवस के आयोजन पर गर्भवती महिलाओं के पतियों एवं बच्चों की माताओं और पिता को पोषण हेतु उन्मुख करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाय। इस बैठक में समुदाय के

नेता या समाजिक कार्यकर्ता को भी सम्मिलित करने का प्रयास किया जाय। बच्चों के दादा दादी, नाना नानी व घर के अन्य सदस्यों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाय।

- समुदाय आधारित गतिविधियों के आयोजन में कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
- भविष्य में पोषण अभियान, भारत सरकार द्वारा पोषण 2.0 के सम्बन्ध में निर्गत निर्देशों के क्रम में समुदाय आधारित गतिविधियों हेतु वित्तीय उपाशय व समुदाय आधारित गतिविधि सम्बन्धी कैलेण्डर परिवर्तनीय होगा।
- सामुदायिक आधारित गतिविधियों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर प्रत्येक माह की 5 तारीख तक **snmgoup@gmail.com** पर उपलब्ध कराना सुश्निचित करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न गतिविधि कैलेण्डर के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर नियत दिवस को समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन कराना सुश्निचित करें।

संलग्नक–यथोक्तः

भवदीय

(कपिल सिंह)
निदेशक

पृष्ठांकनः– ——/तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन/अपर महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
2. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
3. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
4. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।
6. कार्यालय प्रति

(कपिल सिंह)
निदेशक

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग व पोषण अभियान
सामुदायिक गतिविधि कैलेंडर 2022-23

आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित की जाने वाली सामुदायिक गतिविधियां				
क्र सं	निर्धारित दिवस	सामुदायिक गतिविधि का नाम	लाभार्थी समूह	गतिविधि का प्रकार
अप्रैल 2022				
1	28/04/2022	किशोरी दिवस	11–14 वर्ष की स्कूल न जाने वाली किशोरी बालिकाएं	गैरवित्त पोषित
मई 2022				
1	03/05/2022	वजन दिवस	0–5 वर्ष के बच्चे	गैरवित्त पोषित
2	10/05/2022	अन्नप्राशन दिवस	६ माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चे	पोषण अभियान के अंतर्गत वित्तपोषित
3	24/05/2022	गोदभराई दिवस	प्रथम त्रैमास की गर्भवती महिलाएं धात्री माताएं मातृ समिति की सदस्य	पोषण अभियान के अंतर्गत वित्तपोषित
4	31/05/2022	वॉश डे	किसी भी आयु वर्ग के बच्चे, किशोर–किशोरी, महिलाएं, पुरुष, सामुदायिक नेता व पंचायतीराज के सदस्य	गैरवित्त पोषित
जून 2022				
1	07/06/2022	सुपोषण दिवस	लाभार्थी परिवारों के पुरुष सदस्य विशेषतः पिता व पति	पोषण अभियान के अंतर्गत वित्तपोषित
2	14/06/2022	अन्नप्राशन दिवस	६ माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चे	पोषण अभियान के अंतर्गत वित्तपोषित
3	28/06/2022	वजन दिवस	0–5 वर्ष के बच्चे	गैरवित्त पोषित

नोट:

- यदि गतिविधि की निर्धारित तिथि पर अवकाश हो, तब निर्धारित तिथि के अगले कार्य दिवस पर गतिविधि आयोजित की जाये ।
- प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर ईसीसीई गतिविधि अपरान्ह 12 से पहले सामुदायिक गतिविधि अपरान्ह 12 के बाद आयोजित की जाये।
- प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्रों पर पी.टी.एम आयोजित की जाएगी।
- गोदभराई दिवस पर "शगुन कार्ड" का वितरण व उपयोग गर्भवती महिला को परामर्श देने हेतु किया जाना है।